निरीक्षण में आयोग अध्यक्ष को मिली शिकायत

## बाल संप्रेषण गृह मालनवासा के प्रभारी पर गिरी गाज

- शारीरिक और मानसिक
- प्रताड़ना की शिकायत की

**उज्जैन।** बाल संप्रेषण गृह मालनवासा का निरीक्षण और पौधारोपण करने के लिए आई बाल संरक्षण आयोग की अध्यक्ष को काफी खामियां और शिकायत मिली थी। जिसके चलते वह बिना पौधारोपण के लोड गई थी और जिला कार्यक्रम अधिकारी को कमियां दूर करने और कार्रवाई के निर्देश दिए थे। मंगलवार को बाल संरक्षण गृह के प्रभारी अधीक्षक पर गाज गिरी उन्हें मूल पद पर वापस भेज दिया गया।

बाल संरक्षण आयोग की अध्यक्ष डॉ. निवेदिता शर्मा 2 दिन के उज्जैन प्रवास पर आई। इस दौरान मालनवासा स्थित बाल संप्रेषण गृह का निरीक्षण और पौधारोपण करने के लिए मंगलवार सुबह पहुंची। जहां परिसर में किशोर न्यायालय भी लगता है। निरीक्षण के दौरान संप्रेषण गृह के बच्चों से चर्चा में सामना आया कि उन्हें शारीरिक और मानसिक रूप से प्रताड़ित किया जाता है। बाल संरक्षण आयोग के अध्यक्ष ने वहां की गतिविधियां देखी तो कई खामियां सामने आ गई। जिससे वह काफी नाराज दिखाई दी और बिना पौधा रोपण के ही लौट गई। उन्होंने जिला कार्यक्रम अधिकारी बृजेश त्रिपाठी को तत्काल कमियां दूर करने और कार्रवाई के निर्देश जारी किया। बाल संप्रेषण गृह की खामियां उजागर होने पर तत्काल एक्शन लिया गया और प्रभारी अधीक्षक प्रताप सिंह परस्ते को पद से हटाते हुए उन्हें मूल पद बाल गृह भेज दिया गया। संप्रेषण गृह में उनकी मौजूदगी के दौरान ही कई तरह की गलत गतिविधियां हो रही थी। प्रभारी अधीक्षक को हटाने के बाद बाल संरक्षण गृह का प्रभार लोकेंद्रसिंह सोलंकी को सौंपा गया है। बताया जा रहा है कि यहां के कुछ और अधिकारी के सदस्यों की गलत गतिविधियों में भूमिका होना सामने आई है जिसकी जांच की जा रही है। आयोग की अध्यक्ष ने निर्देश जारी किए हैं कि सुधार के लिए लाए गए नाबालिग बच्चों के साथ प्रेमपूर्वक व्यवहार किया जाए।

### होमगार्ड के दो जवानों को हटाया गया

प्रभारी अधीक्षक के साथ ही यहां पर तैनात होमगार्ड के जवानों पर भी गलत गतिविधियों में शामिल होने का मामला उजागर हुआ था। जिसके चलते दो जवानों को तत्काल प्रभाव से हटा दिया गया है। बताया जा रहा है कि बाल संरक्षण आयोग की अध्यक्ष डॉ. निवेदिता शर्मा की नाराजगी के बाद अब महिला एवं बाल विकास विभाग और जिला प्रशासन में हड़कंप मचा हुआ है।

## बदल रहा शहर का सड़क तंत्र, बजने लगा विकास का मंत्र

कंठाल से नानाखेड़ा तक चौड़ी हो रही सड़कें, सिंहस्थ से पहले होगा ट्रैफिक मैनेजमेंट, आशीष सिंह और रोशन सिंह ने देखा कार्य

**उज्जैन। शहर के प्रमुख मार्गों का चौड़ीकरण, नाली निर्माण और यातायात सुधार कार्य युद्धस्तर पर किए जा रहे हैं। लक्ष्य केवल सड़कें चौड़ी करना नहीं, बल्कि ऐसा सुगम और सुरक्षित आवागमन तंत्र तैयार करना है जो सिंहस्थ के विकास का मंत्र बने, कुंभ के दौरान बढ़ने वाले अभूतपूर्व दबाव को सहजता से संभाल सके।**

सोमवार को संभागायुक्त एवं सिंहस्थ मेला अधिकारी आशीष सिंह तथा कलेक्टर रौशन कुमार सिंह ने नगर निगम अधिकारियों के साथ विभिन्न निर्माणाधीन मार्गों का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने कंठाल से छत्री चौक, टंकी चौराहा-ढाबा रोड, तेलीवाड़ा-बियावानी मार्ग तथा नानाखेड़ा से नीलगंगा तक चल रहे कार्यों की प्रगति का जायजा लिया।



### संसाधन बढ़ाओ-नाली निर्माण पर फोकस-संकरी गली हो रही चौड़ी

निरीक्षण के दौरान यह स्पष्ट किया गया कि मार्ग चौड़ीकरण के साथ-साथ आमजन की सुविधा भी सर्वोच्च प्राथमिकता रहे। अधिकारियों ने निर्देश दिए कि संसाधन बढ़ाकर सड़क के एक हिस्से का कार्य शीघ्र पूरा किया जाए ताकि लोगों को आवागमन में अनावश्यक परेशानी का सामना न करना पड़े। जहां-जहां नाली निर्माण और पाइपलाइन कार्य चल रहे हैं, वहां मलबा हटाने और यातायात व्यवस्था बनाए रखने पर विशेष जोर दिया गया। कंठाल से छत्री चौक तक के मार्ग पर नाली निर्माण और मलबा हटाने का कार्य तेजी से किया जा रहा है। वहीं टंकी चौराहे से ढाबा रोड तक मार्ग चौड़ीकरण के तहत एक ओर का नाली निर्माण पूरा हो चुका है और पाइपलाइन कार्य समाप्त होते ही सड़क निर्माण की गति बढ़ाई जाएगी। सिंहस्थ-2028 को देखते हुए उज्जैन में चल रहा यह सड़क विस्तार अभियान आने वाले वर्षों की जरूरतों को ध्यान में रखकर तैयार किया जा रहा है। शहर की संकरी गलियों और व्यस्त मार्गों को नई चौड़ाई मिलने से न केवल सिंहस्थ के दौरान श्रद्धालुओं को राहत मिलेगी, बल्कि उज्जैन की यातायात व्यवस्था को भी स्थायी मजबूती प्राप्त होगी।

### बारिश के पूर्व करें काम, जिससे परेशानी ना हो

तेलीवाड़ा चौराहे से बियावानी तक के मार्ग पर भी एक साइड सड़क निर्माण पूर्ण होने के बाद आवागमन सुचारु रखने की योजना पर काम किया जा रहा है। मिल्कीपुरा और वीडी क्लॉथ मार्केट क्षेत्र में भी भविष्य की यातायात आवश्यकताओं को ध्यान में रखकर नई कार्ययोजना तैयार की जा रही है। निरीक्षण के दौरान यह भी कहा गया कि वर्षा ऋतु शुरू होने से पहले प्राथमिकता वाले सभी कार्यों को पूरा करने का प्रयास किया जाए। इसके लिए आवश्यकता पड़ने पर रात्रिकालीन कार्य भी किए जाएंगे। इंजीनियरों द्वारा लगातार मॉनिटरिंग कर निर्माण गुणवत्ता सुनिश्चित करने पर भी विशेष बल दिया गया।

## एसपी ने किया हत्या का खुलासा करने वाली टीम का सम्मान

**उज्जैन। उन्हेल के पिपलिया डाबी में हुई भारतसिंह राजपूत की हत्या का चंद घंटो में खुलासा करने और हत्या में शामिल मृतक की पत्नी सोनाकुंवर और प्रेमी जितेन्द्र राजपूत को गिरफ्तार करने वाली उन्हेल थाना पुलिस को सोमवार को ग्रामीणों द्वारा पुष्पमाला पहनाकर स्वागत किया गया।**

ग्रामीणों ने अंधाकत्ल प्रतीत हो रहे मामले में गंभीरता से कार्रवाई करते हुए मृतक के अंतिम संस्कार बाद ही रात में दोनों को गिरफ्तार करने पर पुलिस टीम की कार्यशैली की सरहाना की। थाना प्रभारी संतोष चौहान ने बताया कि रविवार शाम मामले का खुलासा करने के बाद सोमवार दोपहर दोनों को कोर्ट में पेश किया गया। जहां से जितेन्द्र को खाचरौद उपजेल भेजा गया है। वहीं सोनाकुंवर को उज्जैन जेल में दाखिल कराया है। जल्द मामले की विवेचना पूरी कर अभियोग पत्र भी कोर्ट में प्रस्तुत कर दोनों आरोपियों को सख्त सजा दिलाने का प्रयास किया जायेगा। बता दें कि प्रेम प्रसंग के चलते दिया था वारदात को अंजाम।

## हड़ताल अवधि के वेतन का रास्ता साफ, होगा भुगतान

**उज्जैन। कर्मचारियों के हड़ताल अवधि के वेतन बिल जनरेट नहीं होने की समस्या अब जल्द दूर होगी। सीएमएचओ कार्यालय की लेखा शाखा द्वारा जानकारी नहीं भेजे जाने के कारण वेतन अटका हुआ था। एनबीएसके संघ के पदाधिकारियों द्वारा मामला संज्ञान में लाए जाने के बाद जिला कोषालय अधिकारी ने तत्काल भोपाल संपर्क कर तकनीकी बाधा दूर की। अब एक से दो दिन में कर्मचारियों को लंबित वेतन का भुगतान कर दिया जाएगा।**

जिलाध्यक्ष सत्यप्रकाश अहिरवार के नेतृत्व में एनबीएसके संघ के प्रतिनिधिमंडल ने जिला कोषालय अधिकारी कुणाल खेरडिया से मुलाकात कर वेतन बिल जनरेट नहीं होने की समस्या उठाई और शीघ्र निराकरण का अनुरोध किया। कोषालय अधिकारी ने बताया कि सीएमएचओ कार्यालय की लेखा शाखा की ओर से अब तक कोई जानकारी नहीं भेजी गई थी, जिस कारण यह स्थिति बनी।

संघ द्वारा मामला ध्यान में लाए जाने पर कोषालय अधिकारी ने तुरंत भोपाल के वरिष्ठ अधिकारियों से संपर्क स्थापित किया। उन्होंने प्रतिनिधिमंडल को आश्वस्त किया कि बिल जनरेट की समस्या का निराकरण कर लिया गया है और एक-दो दिन में निश्चित ही लंबित वेतन खातों में डाल दिया जाएगा।

इस प्रतिनिधिमंडल में प्रांतीय संगठन महामंत्री राजेन्द्र अहिरवार, जिला प्रवक्ता संजय पुरैया, जिला संयोजक अजय परमार और मीडिया प्रभारी विजय परमार उपस्थित रहे। इस दौरान सुरेश जीनवाल का भी विशेष सहयोग रहा।

## महापौर ने की सीवरेज विभाग की समीक्षा


**उज्जैन।** बारिश का समय प्रारंभ होने वाला है जिन वार्डों में सीवरेज प्रोजेक्ट अंतर्गत सीवर लाइन डाले जाने का कार्य किया जा रहा है। लाइन के डाले जाने के बाद रोड रेस्टोरेशन का कार्य शीघ्र पूर्ण करें ताकि बारिश के समय किसी प्रकार की दुर्घटना की स्थिति ना बने अनावश्यक सड़कों पर गड्ढों को खुला ना छोड़ा जाए। साथ ही जहां रेस्टोरेशन में समय है वहां पर चूरी डाली जाए। ताकि बारिश के पानी के कारण मिट्टी से फिसलन ना हो। नागरिकों को किसी प्रकार की समस्या ना हो इस और कार्य किया जाए। उक्त निर्देश मंगलवार को महापौर मुकेश टटवाल ने सीवरेज प्रोजेक्ट अंतर्गत शहर में प्रचलित कार्यों की समीक्षा बैठक में अधिकारियों को दिए गए। महापौर ने समीक्षा बैठक में निर्देशित किया कि जिन क्षेत्रों में कार्य चल रहे हैं वहां पर नागरिकों की सुविधा हेतु डिस्प्ले बोर्ड लगाया जाए। जिसमें कार्य की प्रारंभ होने की तिथि एवं कार्य पूर्ण होने की तिथि संबंधित ठेकेदार, अधिकारी के नाम मोबाइल नंबर के साथ अंकित रहे। साथ ही प्रतिदिन जितना कार्य किया जा रहा है उसकी प्रगति रिपोर्ट प्रस्तुत की जाए। जिन क्षेत्रों में कार्य प्रचलित है पहले उसे पूर्ण करें उसके पश्चात दूसरे कार्य को प्रारंभ किया जाए ताकि वार्ड की जनता अनावश्यक रूप से परेशान नहीं होना चाहिए। बैठक में अपर आयुक्त पवन कुमार सिंह, अधीक्षण यंत्री संतोष गुप्ता, कार्यपालन यंत्री साहिल मैदावाला, कंसलटेंट एजेंसी से आशीष जैन उपस्थित रहे।

### एक नजर में



### दीपज्योति वेलफेयर सोसाइटी सम्मानित

**उज्जैन।** खेल एवं युवा कल्याण विभाग द्वारा आयोजित ग्रीष्मकालीन खेल प्रशिक्षण शिविरों में विशेष सहभागिता के लिए दीपज्योति वेलफेयर सोसाइटी को सम्मानित किया गया। पुलिस अधीक्षक प्रदीप शर्मा और जिला खेल अधिकारी ओपी हारोड ने सोसाइटी के अध्यक्ष डॉ. दीपक जैन का सम्मान किया। इन ग्रीष्मकालीन शिविरों में जिले के 2880 खिलाड़ियों का ऑनलाइन पंजीयन हुआ, जिसके चलते उज्जैन पूरे मध्यप्रदेश में प्रथम स्थान पर रहा। इस शानदार उपलब्धि पर विभिन्न खेल संस्थाओं ने पुलिस अधीक्षक और जिला खेल अधिकारी का भी सम्मान किया। जिले में 25 विभिन्न स्थानों पर 25 खेलों के प्रशिक्षण शिविर आयोजित किए गए, जहां उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले खिलाड़ियों को प्रोत्साहन स्वरूप टी-शर्ट वितरित की गईं। डॉ. दीपक जैन ने बताया कि संस्था द्वारा विभिन्न खेल मैदानों पर खिलाड़ियों को अल्पाहार और एनर्जी ड्रिंक उपलब्ध कराए गए। इस अवसर पर हरीश शुक्ला, शैलेंद्र व्यास, मोहन बंबोरिया, श्रीमती रजनी नरवरिया और संतोष सोलंकी सहित संस्था के सदस्य उपस्थित रहे।




### नव आरक्षक चडार को किया सम्मानित

**उज्जैन।** पुलिस प्रशिक्षण शाला में मंगलवार को आयोजित नव आरक्षक बुनियादी प्रशिक्षण सत्र पांच (वर्ष 2025-26) की दीक्षांत परेड में उप निरीक्षक बलराम चडार को सर्वोत्तम आंतरिक प्रशिक्षक के अवार्ड से सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक राकेश गुप्ता ने उन्हें ट्रॉफी एवं 15 हजार रुपये की नकद राशि प्रदान कर सम्मानित किया। उल्लेखनीय है कि उप निरीक्षक बलराम चडार प्रशिक्षण शाला में प्रशिक्षकों को लगातार उत्कृष्ट सेवाएं दे रहे हैं। उन्हें इससे पूर्व नव आरक्षक बुनियादी प्रशिक्षण सत्र तीन एवं चार के दौरान भी सर्वोत्तम आंतरिक प्रशिक्षक का यह प्रतिष्ठित अवार्ड प्राप्त हो चुका है।

### बैडमिंटन शिविर का समापन 4 से 7 को होगा

**उज्जैन।** जिला बैडमिन्टन एसोसिएशन के द्वारा आयोजित 45 दिवसीय बैडमिन्टन सगर कैम्प का समापन 4 से 7 जून को होगा। एसोसिएशन के अध्यक्ष वैभव यादव ने बताया कि 45 दिवसीय बैडमिन्टन शिविर का आयोजन नगर के 4 विभिन्न बैडमिन्टन कोर्ट शलाका बैडमिन्टन कोर्ट, माधव क्लब, विक्रमादित्य बैडमिन्टन कोर्ट, टीजीपी कोर्ट दो तालाब एवं नानाखेडा स्टेडियम पर आयोजित किया गया। जिसमे नगर के लगभग 500 विभिन्न आयु वर्ग के खिलाड़ियों ने बैडमिन्टन के गुर सीखे। बालक बालिकाओ को बैडमिन्टन कौशल सीखने में उज्जैन नगर के प्रतिष्ठित कोच जितेन्द्र डागर, मोनिका खलोटिया, भूमिका वर्मा एवं अथर्य भावसार का विशेष योगदान रहा। खिलाड़ियों को प्रतिदिन एनर्जी ड्रिंक एसोसिएसन द्वारा दिया गया। समर कैम्प के समापन के अवसर पर जिला स्तरीय बैडमिन्टन प्रतियोगिता आयु वर्ग 11 से 19 बालक एवं बालिका हेतु, सीनियर हेतु सिगल एवं डबल एवं मास्टर्स हेतु ओपन डबल का आयोजन 4 मई 7 जून 2026 तक शलाका बैडमिन्टन कोर्ट माधव क्लब में आयोजित किया जाएगा। जिसमें जूनियर वर्ग के विजेता को सीधे स्टेट टूनार्मेन्ट हेतू चयनित किया जाएगा। समर कैम्प के सभी प्रतिभागियों को एसोसिएसन की ओर से टी शर्ट एवं प्रमाण पत्र एवं विजेता खिलाड़ियों को ट्राफी वितरित की जाएगी एवं समर कैम्प में बालक बालिकाओं को प्रशिक्षित किए जाने वाले कोचों का सम्मान भी किया जाएगा। उक्त जानकारी एसोसिएशन के सचिव प्रभात सिरसट, कोषाध्यक्ष अश्विन शर्मा एवं सह सचिव दिनेश जाटवा द्वारा दी गई।

## जमीन का सौदा कर 36 लाख रुपए की धोखाधड़ी करने वाले गिरफ्तार

- फर्जी भूमि स्वामी बनकर जमीन का सौदा करने वाले थे आरोपी

**उज्जैन।** फर्जी भूमि स्वामी बनकर जमीन का एक करोड़ 39 लाख में सौदा करने के बाद अनुबंध के रूप में 36 लाख रुपए लेकर धोखाधड़ी करने वाले दो आरोपियों को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। जिन्हें आज न्यायालय में पेश कर रिमांड पर लिया जाएगा। दोनों आरोपियों से फर्जी दस्तावेजों के साथ मोबाइल और कार जप्त की गई है माधवनगर थाना पुलिस ने 2 दिन पूर्व मानपुरा में रहने वाले रविन्द्रसिंह तंवर की शिकायत पर मंगलसिंह और फर्जी भूमि स्वामी बनकर ग्राम सलामता में 12 बीघा का सौदा करते हुए 36 लाख की धोखाधड़ी का प्रकरण दर्ज किया था। रविंद्र सिंह ने शिकायत में बताया था कि अनुबंध के दौरान 10 लाख रुपए नगद और 25 लाख रुपए का चेक दिया गया था वहीं 95,000 ऑनलाइन ट्रांसफर किए गए थे। सौदा 1.39 करोड़ में हुआ था जब वह परिवार के साथ जमीन पर पहुंचे तो जमीन का मालिक दूसरा होना सामने आया था। पुलिस ने धोखाधड़ी करने वाले दोनों आरोपियों की तलाश शुरू की और सोमवार सुबह विक्रमनगर ब्रिज के पास से स्वीफ्ट कार में सवार होकर जाते समय पकड़ा लिया। जिनके पास से मोबाइल फोन, भूमि अनुबंध संबंधी दस्तावेज, कई नामों से तैयार फर्जी पहचान पत्रों की प्रतियां बरामद की गई। थाने लाकर पूछताछ करने पर कथित दिलीपसिंह का असली नाम भैरूसिंह पिता करणसिंह निवासी ग्राम खेड़ा चितावलिया थाना माकड़ोन सामने आया। दोनों फर्जी पहचान पत्र और कूटरचित दस्तावेजों से भूमि स्वामी बनकर लोगों के साथ ठगी का काम करते है। फिलहाल पूछताछ जारी है।

## हत्या में फरार आरोपी 15 माह बाद आया था घर, गिरफ्तार

**उज्जैन।** हत्या और हत्या के प्रयास में 15 माह से फरार चल रहे आरोपी को पुलिस ने घर आने की सूचना मिलते ही दबिश देकर गिरफ्तार कर लिया। जिसे न्यायालय में पेश कर जेल भेजा गया है। आरोपी के साथी पूर्व में गिरफ्तार हो चुके थे। नीलगंगा थाना प्रभारी तरुण कुरील ने बताया कि 15 माह पहले 14 मार्च 2025 को संजयनगर क्षेत्र में रोहित सांडिया, विकास उर्फ कुक्की और उसके साथियों ने रोहित डोडियार के सीने में चाकू घोंपकर हत्या कर दी थी। रोहित को बचाने आये कान्हा पर जानलेवा हमला किया था। मामले में घायल कान्हा की शिकायत पर मामले में हत्या और हत्या के प्रयास का मामला दर्ज कर अधिकांश आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया था। एक आरोपी अभिषेक उर्फ अमन पिता धर्मेन्द्र सांडिया 25 साल निवासी संजय नगर लगातार फरार चल रहा था। 31 मई की रात खबर मिली कि फरार आरोपी अभिषेक उर्फ अमन अपने घर आया हुआ है। एसआई वेदप्रकाश साहू, आरक्षक लोकेश प्रजापति ने फरार आरोपी को गिरफ्तार कर लिया गया।

### शातिर बदमाश के पास मिली दो पिस्टल और ड्रग्स

उज्जैन। मादक पदार्थ ड्रग्स लेकर आए बदमाश के पास अवैध हथियार होने की सूचना मिलने पर पुलिस ने घेराबंदी की। बदमाश को हिरासत में लिया गया तो उसके पास से दो पिस्टल जिंदा कारतूस और एमडी ड्रग्स बरामद हो गई। जीवाजीगंज थाना पुलिस ने बताया कि मंगलवार को मुखबिर से सूचना प्राप्त हुई कि एक व्यक्ति ऋणमुक्तेश्वर पुलिया के पास अवैध मादक पदार्थ एमडी ड्रग और अवैध हथियार लेकर खड़ा है। उक्त व्यक्ति की गिरफ्तारी के लिए पुलिस बल मौके पर पहुंचा और घेराबंदी की इस दौरान एक व्यक्ति ने भागने का प्रयास किया जिस पर संदेह होते ही उसे पीछा कर पकड़ा गया। तलाशी लेने पर उसके पास से 2 देशी पिस्टल, 1 जिंदा राउंड, 9 खाली राउंड के साथ 5 ग्राम एमडी ड्रग्स बरामद हो गई। पूछताछ करने पर आरोपी का नाम पीयुष पिता नरेन्द्र गेहलोद 38 वर्ष, निवासी उर्दूपुरा होना सामने आया। थाना प्रभारी प्रतीक शर्मा ने बताया कि आरोपी के खिलाफ धारा 8/22 एनडीपीएस एक्ट व धारा 25, 27 आर्म्स एक्ट में अपराध पंजीबद्ध कर कार्रवाई की गई है। आरोपी के खिलाफ पूर्व में भी प्रकरण दर्ज होना सामने आए हैं।

## तिरुपति धाम में अनुष्ठान एवं महायज्ञ संपन्न

**उज्जैन।** बड़नगर रोड स्थित हनुमान गढ़ी के तिरुपति धाम मंदिर में चल रहे 15 दिवसीय सुदर्शन शतकम् अनुष्ठान और महायज्ञ में जगदुरु रामानुजाचार्य गादी स्वामी श्रीनिवास आचार्य महाराज कांची से पधारे। तिरुपति धाम में सुदर्शन शतकम अनुष्ठान विधि-विधान के साथ संपन्न हुआ। इस विशेष अनुष्ठान में कई विद्वानों, पुजारियों और श्रद्धालुओं ने भाग लिया। वैदिक मंत्रोच्चार और अनुष्ठान हुआ। महाविष्णु के अस्त्र भगवान सुदर्शन को समर्पित इस अनुष्ठान में महासुदर्शन चक्र की विशेष पूजा-अर्चना की गई। यह आयोजन जगतगुरू रामानुजाचार्य स्वामी श्रीकान्ताचार्य महाराज एवं उत्तराधिकारी राघवेन्द्राचार्य महाराज, कार्य संचालक महाराज मनोज तिवारी, श्यामसिंह सिकरवार, दिनेश जोशी, सत्यानारायण सोमानी, ओमप्रकाश बियानी, विजय बागड़ आदि के तत्वाधान में अनुष्ठान सम्पन्न हुआ। श्रद्धालुओं ने न केवल भगवान वेंकटेश्वर के दर्शन किए, बल्कि अनुष्ठान की पूर्णाहुति में शामिल होकर आशीर्वाद भी प्राप्त किया।

## चारभुजा नाथ मंदिर में सजा रंगोत्सव, श्रद्धालुओं ने किए दर्शन

- पुरुषोत्तम मास के उपलक्ष्य में गोला मंडी में हुआ विशेष आयोजन



**उज्जैन।** पुरुषोत्तम मास के पावन अवसर पर गोला मंडी स्थित चारभुजा नाथ मंदिर में रंगोत्सव का भव्य आयोजन किया गया। इस दौरान भगवान के आकर्षक मोहिनी स्वरूप की झांकी सजाई गई, जिसके दर्शन कर बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने धर्म लाभ लिया।

मनोरथी परिवार के प्रदीप कुमार राठी, पुरुषोत्तम बंग, देवेन्द्र कुमार चांडक और कृष्णा देवी काकाणी की ओर से पं. बृजभूषण दीक्षित ने विधि-विधान से भगवान का पूजन-अर्चन संपन्न कराया। मंदिर परिसर में शोभा मूंदड़ा और अंकित मूंदड़ा ने भगवान की आकर्षक झांकी सजाई।

पूजन के पश्चात आयोजित महाआरती में मनोरथी परिवार के मुखिया सहित सदस्य दीपक काकाणी, नीलम काकाणी, सुनीता राठी, विवेक राठी और संगीता राठी ने सहभागिता कर पुण्य लाभ अर्जित किया। इस अवसर पर पुरुषोत्तम मास आयोजन के मुख्य संयोजक दिनेश चन्द्र डाढ़, चारभुजानाथ मंदिर उत्सव समिति के मुख्य संयोजक नृसिंह देवपुरा और संयोजक कैलाश चंद्र गगरानी सहित कई श्रद्धालु उपस्थित थे।

## होटल संचालक ने जहर खाकर की आत्महत्या

- चाय नाश्ते की होटल संचालित करता था, कारण अज्ञात

**उज्जैन। चाय नाश्ते की होटल चलाने वाले ने सोमवार को जहर खा लिया। परिजन अस्पताल लेकर पहुंचे जहां कुछ घंटे चले उपचार के बाद उसकी मौत हो गई। जहर खाकर आत्महत्या का कारण सामने नहीं आया है पुलिस मामले की जांच कर रही है।**

माकड़ोन के नयापुरा में रहने वाला अर्जुन पिता मायाराम नायक 33 साल गांव के ही चौराहे पर चाय नाश्ते की होटल संचालित करता था। शाम को उसने अपने घर पर जहरीला पदार्थ खा लिया। हालत बिगड़ती देख मां गीताबाई और पत्नी उसे अस्पताल लेकर पहुंचे जहां से उज्जैन रेफर किया गया। परिजनों ने निजी अस्पताल में भर्ती कराया जहां कुछ घंटे बाद अर्जुन की मौत हो गई। मंगलवार सुबह पुलिस ने पोस्टमार्टम कराया इस दौरान सामने आया कि अर्जुन दो बच्चों का पिता था लेकिन उसने जहर क्यों खाया इसका कारण स्पष्ट नहीं है। आशंका जताई जा रही है कि आर्थिक परेशानी के चलते उसने आत्महत्या की है पुलिस जांच और परिजनों के बयान के बाद ही सामने आएगा कि अर्जुन की मौत के पीछे वजह क्या थी।

## आर्य समाज में नई कार्यकारिणी गठित

**उज्जैन।** आर्य समाज उज्जैन की वार्षिक साधारण सभा में नई कार्यकारिणी का गठन किया गया। निर्वाचन अधिकारी एवं संभागीय प्रधान लक्ष्मीनारायण पाटीदार ने चुनाव प्रक्रिया पूरी कराई। जिसमें सर्वसम्मति से ओम प्रकाश यादव को प्रधान और भरत आर्य को मंत्री निर्वाचित घोषित किया गया। शुरुआत ईश्वर स्तुति प्रार्थना मंत्र के साथ हुई। इसके पश्चात निर्वाचन प्रक्रिया अपनाई गई। नई कार्यकारिणी में उप प्रधान के पद पर राजेंद्र शर्मा व डॉ. ललित नागर तथा उप मंत्री के पद पर विष्णु शर्मा व जितेश बत्रा को जिम्मेदारी सौंपी गई है। इसके अलावा कोषाध्यक्ष के रूप में वेद प्रकाश आर्य और अंबाराम वर्मा को सर्वसम्मति से चुना गया है।

एक नजर में ▶ सिंहस्थ नजदीक आते ही अब अखाड़ों के साधु-संत, महंत भी आने लगे उज्जैन

## अखिलेश्वर दास ने किए महाकाल दर्शन, महानिर्वाणी अखाड़े भी गए

**उज्जैन।** महाकाल मंदिर में नेता और अभिनेताओं का आना जारी है। वहीं क्रिकेट खिलाड़ियों के साथ संत महात्माओं का दर्शन करने का सिलसिला निरंतर चल रहा है। इसी क्रम में महामंडलेश्वर स्वामी अखिलेश्वर दास महाराज ने उज्जैन में अपनी धार्मिक यात्रा के दौरान ज्योतिर्लिंग महाकाल के दर्शन किए।

पंडे-पुजारियों ने उनका पूजन संपन्न कराया। इसके बाद वे मंदिर परिसर में स्थित पंचायती महानिर्वाणी अखाड़े में भी पहुंचे जहां महंत विनित गिरि महाराज ने उनका स्वागत सत्कार किया। उल्लेखनीय है कि जैसे-जैसे सिंहस्थ 2028 की अवधि नजदीक आती जाएगी उज्जैन में देशभर के साधु-संत महंत का आना शुरू हो जाएगा।



### क्रिकेटर आशुतोष, हिंदुस्तानी भाऊ पहुंचे



क्रिकेटर आशुतोष शर्मा और हिंदुस्तानी भाऊ ने भी उज्जैन प्रवास के दौरान ज्योतिर्लिंग महाकाल के दर्शन कर आशीर्वाद लिया। क्रिकेटर शर्मा व भाऊ ने नंदी हाल में बैठकर भगवान महाकाल की आराधना की। उसके बाद चांदी गेट से दर्शन लाभ लिए। मंदिर समिति ने क्रिकेटर शर्मा व भाऊ का स्वागत किया। क्रिकेटर शर्मा ने मंदिर परिसर में दर्शन कर महाकाल के मुख्य शिखर के नीचे खड़े होकर फोटो भी खिचवाए। श्रद्धालुओं ने भी उनके साथ सेल्फी ली।

## उज्जैन जिले में औसत 2.6 मिमी वर्षा दर्ज

**उज्जैन।** पिछले 24 घंटे में उज्जैन जिले में औसत 2.6 मिमी वर्षा दर्ज की गई है। कलेक्टर कार्यालय भू-अभिलेख से प्राप्त जानकारी के अनुसार उज्जैन तहसील में औसत 3 मिमी, घट्टिया में 6 मिमी, महिदपुर में 2 मिमी, झारडा में 6 मिमी, तराना में 4 मिमी और माकड़ौन में 2 मिमी वर्षा दर्ज की गई है। वर्षा का क्रम अभी जारी है।